# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–15.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि विद्यार्थी सरकार की प्राथमिकता हैं और सरकार उनके लिए संवेदनशील है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने नीट–यूजी 2026 परीक्षा दोबारा 21 जून को आयोजित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को 14 जून तक प्रवेश कार्ड उपलब्ध करा दिए जाएंगे। श्री प्रधान ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी योग्य विद्यार्थी फर्जी उम्मीदवारों की धांधली या शिक्षा माफिया की साजिशों के कारण अपने अधिकारों से वंचित हो जाए।

*********************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने तेल कीमतों में वृद्धि पर कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद जब विश्व में ईंधन की कीमतों में वृद्धि देखी गई तब भारत उस स्थिति में सबसे अलग खड़ा रहा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि जहां कई देशों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 20 प्रतिशत से लगभग सौ प्रतिशत तक वृद्धि की गई है तब भारत ने पेट्रोल के दाम में केवल तीन दशमलव दो प्रतिशत और डीजल के लिए तीन दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि की है।

*********************

भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे को फिलहाल जमानत नहीं मिली है। आज सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 मई की तारीख निर्धारित की। विनय चौबे पिछले लगभग एक वर्ष से न्यायिक हिरासत में हैं और उन्होंने जमानत के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है।

*********************

दुमका जिले में सखी मंडल की दीदियां आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। जिले के रानीश्वर प्रखंड में आज चार महिलाओं को जेएसएलपीएस की सामुदायिक निवेश निधि ऋण योजना के तहत बैट्री चालित रिक्शा उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पंचायत स्तर तक आजीविका गतिविधियों का विस्तार करने के उद्देश्य से इस तरह की ऋण आधारित योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

*********************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और सरकार के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बिजली, पानी, भ्रष्टाचार और धान खरीद जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई।

*********************

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आज स्वास्थ्य विभाग ने हजारीबाग जिलेवासियों से डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारी की रोकथाम के लिए सतर्क रहने और साफ–सफाई बनाए रखने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि वर्षा ऋतु के दौरान डेंगू का प्रभाव बढ़ने की संभावना रहती है, इसलिए समय रहते आवश्यक सावधानियां अपनाना जरूरी है।

*********************

हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में आज इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मरीज की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की।

*********************

रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में आज जूनियर डॉक्टरों ने वेतन भुगतान में देरी के विरोध में प्रदर्शन किया। पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने से नाराज डॉक्टरों ने रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार के चैंबर का घेराव किया और **"नो पे, नो वर्क"** के नारे लगाए। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से वेतन आवंटन नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

*********************

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन घंटों के दौरान झारखंड के कई जिलों में मौसम खराब रहने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, हज़ारीबाग, रामगढ़, रांची, सरायकेला–खरसावां, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में बारिश के साथ गरज–चमक और तेज़ हवा की प्रबल संभावना है।

*******************